The Resource Centre

Business Standard (Hindi)

Date: 14/07/2016 Page No: 2 Location: Main Circulation: 21060

Edition: New Delhi

Emami to raise its stake in edible oil market

खाद्य तेल बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएगी इमामी

अभिषेक रक्षित
कोलकाता, 13 जुलाई

खाद्य तेल कारोबार में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर दोगुना करने के उद्देश्य से इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने 685 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है ताकि उत्पादन बढ़ाया जा सके। हालांकि कंपनी ने अपने इस अभियान में मदद के लिए ब्रिटेन के विशेष पर डोरा डाला है। भारत में खाद्य तेल का बाजार करीब 1.8 करोड़ टन का है जिसमें कंपनी की बाजार हिस्सेदारी फिलहाल 5.5 फीसदी है।

इमामी समूह के निदेशक मनीष गोयनका ने कहा, 'अगले दो वर्षों में हम इस बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाकर 10 से 11 फीसदी करना चाहते हैं।' अगले 15 महीनों के दौरान कंपनी दो नए संयंत्रों की स्थापना करेगी। पहला संयंत्र गुजरात में स्थापित किया जाएगा जिसकी उत्पादन क्षमता 3,000 से 4,000 टन पाम और सोया तेल की होगी। इस पर 350 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। दूसरा संयंत्र राजस्थान में स्थापित किया जाएगा जहां सरसों तेल का उत्पादन किया जाएगा।

कंपनी ने बनाई 685 करोड़ रुपये के निवेश की योजना

इस पर कंपनी करीब 80 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

इसके अलावा कंपनी पश्चिम बंगाल के अपने हल्दिया संयंत्र में उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर 200 करोड़ रुपये खर्च करेगी। कंपनी का एक अन्य संयंत्र आंध्र प्रदेश में निर्माणाधीन है जहां पूंजीगत खर्च के रूप में कंपनी 55 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। गोयनका ने कहा, 'राजस्थान और गुजरात के संयंत्रों में अगले 15 महीने में उत्पादन शुरू हो जाएगा जबकि हल्दिया संयंत्र में विस्तार कार्य इसी साल दिसंबर तक पूरे हो जाएंगे।' कंपनी की कुल तेल बिक्री में पाम ऑयल का योगदान 75 फीसदी है जबकि शेष हिस्सेदारी सोया, सूरजमुखी, राइस ब्रान और सरसों तेल की है।

Copyright of the article is with the publication